दिनाँक 24 मार्च, 2004 को सम्पन्न विद्या परिषद् के बैठक की कार्यवृत्त

<u>बैठक संख्या 05</u>

|| सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ||

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
17, महर्षि दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद
पिन - 211 001

तदर्थ विद्या परिषद की दिनाँक 24 मार्च, 2004 को अपराह्न 3.00 बजे सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवृत्त

तदर्थ विद्या परिषद् की बैठक दिनाँक 24-03-2004 को अपराह्न 3:00 बजे कुलपति जी की अध्यक्षता में उनके कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित माननीय सदस्य उपस्थित रहे :-

(1)	प्रोफेसर डी०पी० सिंह, कुलपति	-	अध्यक्ष
(2)	प्रोफेसर अमर सिंह	-	सदस्य
(3)	प्रोफेसर बी०एस० सारस्वत	-	सदस्य
(4)	प्रोफेसर चमन मेहरोत्रा	-	सदस्य
(5)	डॉ० टी.आर. केम	-	सदस्य
(6)	प्रोफेसर एस०पी० गुप्ता	-	सदस्य
(7)	प्रोफेसर एस०एस० वर्मा	-	सदस्य
(8)	डॉ० एस०पी० सिंह	-	सदस्य
(9)	डॉ० प्रदीप श्रीवास्तव	-	सदस्य
(10)	डॉ० रुचि वाजपेयी	-	सदस्य
(11)	डॉ० आर.के. बसलस, कुलसचिव	-	सचिव

सर्वप्रथम कुलपति द्वारा उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया।

1. विद्या परिषद की दिनाँक 24 जनवरी, 2004 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

2. परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत सूची को अनुमोदित करते हुए जनवरी, 2003 एवं जुलाई, 2003 की परीक्षा में उत्तीर्ण कुल 1466 शिक्षार्थियों को उपाधियाँ/डिप्लोमा प्रदान करने की संस्तुति की।

3. विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक तथा कुलाधिपति स्वर्ण पदक हेतु निम्नवत विवरणानुसार संस्तुति की गयी।

विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक			
1.	कु. अनीता सिंह	मानविकी विद्या शाखा	स्नातकोत्तर
2.	कु. प्रीती द्विवेदी	समाज विज्ञान शाखा	स्नातकोत्तर
3.	कु. लवली रानी	मानविकी विद्या शाखा	स्नातक
कुलाधिपति स्वर्ण पदक			
1.	कु.प्रीती द्विवेदी	समस्त विद्या शाखा	स्नातकोत्तर एवं स्नातक

4. उपाधि/डिप्लोमा प्रदान करने हेतु निम्नवत शुल्क एवं अन्य व्यवस्था निर्धारित करने की संस्तुति विद्या परिषद् द्वारा की गयी :-

   (i) किसी विशेष वर्ष में विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षान्त समारोह आयोजित नहीं किए जाने की अवस्था में उपाधि/डिप्लोमा प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय के प्रत्येक ऐसे छात्र जो उस वर्ष उपाधि/डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए अधिकृत हैं, को इस प्रयोजन हेतु रु. 200/- शुल्क

जमा करने एवं उसकी रसीद के साथ आवेदन करने पर उन्हें उपाधि/डिप्लोमा भेजी जायेगी।

(ii) दीक्षान्त समारोह में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित न होने वाले छात्रों को भी दीक्षान्त समारोह के बाद रु. 200/- शुल्क जमा करने के बाद उपाधि/डिप्लोमा के लिए आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर उपलब्ध कराया जायेगा।

(iii) इस प्रकार के उपाधि/डिप्लोमा भेजने हेतु परीक्षा नियंत्रक अधिकृत किये जायेंगे परन्तु यदि परीक्षा नियंत्रक नहीं हैं तो यह कार्य कुलसचिव द्वारा किया जायेगा।

5. (i) पी.जी. डिप्लोमा इन इन्वायरमेण्ट एण्ड सस्टेनेबुल डेव्लपमेण्ट को अगले सत्र से प्रारम्भ करने की संस्तुति की गई। विद्या परिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि अध्ययन सामग्री इन्टरनेट के साथ-साथ मुद्रित सामग्री के रूप में भी उपलब्ध करायी जाय।

(ii) परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत एकल विषय के प्रमाण-पत्र के प्रारूप को निर्धारित करने हेतु डॉ. एस.एस. वर्मा को गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा दिये जाने वाले प्रारूप को उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। उस प्रारूप के आधार पर इस विश्वविद्यालय के लिए प्रारूप निर्धारित करने हेतु कुलपति जी को अधिपकृत किया गया।

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

डॉ.(आर.के. बसलस)
कुलसचिव